News Readers in Doordarshan

541. SHRI SOM PAL:
SHRI GOPAL SINH G. SOLANKI:

Will the State Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) what is the number of permanent and casual news bulletin readers in Doordarshan, name-wise, as on date;

(b) what is being paid to a casual news bulletin reader and what is the duration in terms of hours of service per day and in a week;

(c) whether they are employed on contract basis;

(d) what are the details about permanent technical and casual staff, their salaries and service conditions; and

(e) whethner Doordarshan workers' union has submitted any demands regarding their salaries and working conditions; and if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K. P. SINGH DEO): (a) to (e) The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

आकाशवाणी केन्द्रों द्वारा राज्य द्वारा प्रायोजित कार्यक्रमों का प्रसारण

542. श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विभिन्न आकाशवाणी विज्ञापन केन्द्रों द्वारा प्रतिदिन प्रसारित किये जाने वाले प्रायोजित कार्यक्रमों का राज्यवार का ब्यौरा क्या है ;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रतिदिन आकाशवाणी को प्रति विज्ञापन द्वारा इन प्रायोजित कार्यक्रमों से प्राप्त होने वाली प्रसारण केन्द्र-वार और राज्यवार कुल अर्जित आय कितनी है ;

(ग) क्या एक केन्द्र से दूसरे केन्द्र की तुलना में विज्ञापन की दरों में कोई अन्तर है तथा प्रत्येक विज्ञापन की अवधि कितनी है ;

(घ) आकाशवाणी केन्द्र के विज्ञापन केन्द्रों की राज्यवार कुल संख्या कितनी है तथा प्रत्येक केन्द्र की पूर्ण चालनात्मक कार्यक्षमता कितनी-कितनी है; और

(ङ) इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य-मंत्री (श्री के. पी. सिंह देव) : (क) और (ख) ऐसे ब्यौरे केन्द्र में संकलित रूप से नहीं रखे जाते हैं।

(ग) इस समय 10 सैकण्ड से 30 सैकण्ड तक की अवधि के विज्ञापनों की विभिन्न दरें प्रचलन में हैं जिसके लिए विविध भारती केन्द्रों को चार समूहों में विभाजित किया गया है ।

(घ) और (ङ) ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है ।